सरयू राय
सदस्य
झारखण्ड विधान सभा
सभापति
प्रत्यायुक्त विधान समिति

आवास :
● एफ. टाईप, आवास सं०-1, ए.जी. मोड़, डोरण्डा, राँची - 834002
मोबाईल नं.: 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक : 395/JSR/26 दिनांक : 02/06/2026

सेवा में,
थाना प्रभारी,
बिस्टुपुर, जमशेदपुर.

विषय – **पत्रकारिता का लबादा ओढ़कर अभद्रता करने, सार्वजनिक रूप से अपमानित करने, मिथ्या आरोप लगाने, सफेद झूठ बोलकर छवि खराब करने, ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली (EXTORTION), भयादोहन एवं धमकाने के इरादा से कपोल कल्पित आरोप लगाकर सोशल मिडिया के माध्यम से उसे प्रचारित एवं प्रसारित करने का षड्यंत्र रचने, जनता को विरोध एवं विद्रोह के लिए उकसाने आपराधिक कृत्य करने के लिए आइडियल एक्सप्रेस एवं प्रियांशु झा के विरूद्ध तथा इसे प्रसारित करने वाले "मानगो लाइव" के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा बीएनएस की सुसंगत धाराओं में इनके अपराधिक क्रियाकलापों के संदर्भ में इनपर कड़ी कारवाई करने के संबंध में.**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निवेदन है कि प्रियांशु झा, जो खुद को पत्रकार बता रहा है, ने आइडियल एक्सप्रेस नामक एक संस्था बनाकर तथा आधारहीन एवं कपोल कल्पित आरोप लगाकर मेरी लोगों की छवि खराब करने तथा भयादोहन करने में लगा है. प्रियांशु झा द्वारा बनाए गए रील को डिमना, मानगो के "मानगो लाइव" नामक एक सोशल मिडिया ग्रुप भी प्रचारित, प्रसारित कर रहा है. पेनड्राइव में संलग्न रील देखा जा सकता है. है.

दो दिनों से पत्रकारिता का लबादा ओढ़कर आपत्तिजनक रील प्रसारित करने वाले प्रियांशु झा मेरे विरूद्ध अपमानजनक भाषा में रील बनाकर प्रचारित कर रहा है और आमजन के बीच मेरी छवि खराब कर रहा है. प्रियांशु झा ने मुझपर तथ्यहीन और आधारहीन आरोप अपने रील में लगाया है कि साक्ची पार्किंग से हो रही वसूली का कट मनी मुझे भी मिलता है, मेरे घर जाता है. अपने रील में उसने यह आरोप भी लगाया है कि मेरे पास में बिस्टुपुर की एक उंची इमारत के एक पेंट हाउस में रहेता हू, जिसमें एक ऐसा कमरा है जिसमें केवल मैं ही जा सकता हूँ. जबकि यह सरासर गलत एवं मनगढ़ंत है.

स्पष्ट है कि प्रियांशु झा, आइडियल एक्सप्रेस, मानगो लाइव आदि ने मिलकर एक अपराधिक षड्यंत्र रचा है और गलतबयानी कर मेरी प्रतिष्ठा का हनन कर रहे हैं. ऐसा ये जानबूझकर कर रहे हैं. इस मामले की गहन जाँच हो इनके कुत्सित इरादों के पीछे के निहित स्वार्थ को बेनकाब करना जरूरी है.

बिष्टुपुर थाना
दिनांक 04/06/26
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

Scanned with OKEN Scanner

सरयू

मेरी छवि को धूमिल करने के लिए गलतबयानी करना और कपोल कल्पित बातों को प्रसारित करना अपराधिक कृत्य है.

अनुरोध है कि संलग्न पेनड्राइव में स्थित प्रियांशु झा के रील में अंकित दुर्भावनापूर्ण एवं अपमानजनक बातों की जांच करें. यह भी पता लगाएं कि फर्जी पत्रकार प्रियांशु झा के पीछे किस राजनीतिक प्रतिद्वंदी शक्ति का समर्थन है.

भवदीय

सरयू
2.6.26

सरयू राय

Scanned with OKEN Scanner